संख्या-42/2019/जी0आई0-54/बावन-1-2019-01(98)/2013

प्रेषक,

मनोज सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 13 सितम्बर, 2019

विषयः- ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों के मानदेय की समर्पित धनराशि का पुनः आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-6049/अ0सं0क0नि0-एम0एस0डी0पी0/बी0एल0एफ0 मानदेय-18-19, दिनांक 08-03-2019 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्लान के अन्तर्गत फैसिलिटेटरों के मानदेय के सम्बन्ध में समपर्ण की गयी धनराशि रू0 1,72,17,544/- को पुनः अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों की तैनाती हेतु कार्यालय ज्ञाप सं० 722(2)/52-1-2017-बजट(8)/2016 दिनांक 31-03-2017 द्वारा समर्पित की गयी धनराशि रू0 1,72,17,544/- (रूपये एक करोड़ बहत्तर लाख सत्रह हजार पांच सौ चैवालीस मात्र) में से एम0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत नियुक्त 87 ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों जिनकी नियुक्ति 01 वर्ष के लिए हुई थी, में से 33 ब्लाक लेविल फैसिलिटेटर, जिनको सम्पूर्ण 01वर्ष की अवधि का भुगतान जनपद स्तर से नही किया जा सका एवं मा0 न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में कार्यरत 11 ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों तथा पी0एम0जे0वी0के0 के अन्तर्गत नियक्त 134 ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों के पारिश्रमिक/मानदेय/टी0ए0/डी0ए0 के भुगतान किये जाने हेतु कुल धनराशि रू0 1,72,17,544/- (रूपये एक करोड़ बहत्तर लाख सत्रह हजार पांच सौ

http://shasanadesh.up.gov.in

चैवालीस मात्र) की राज्यपाल महोदया निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान करती हैः-

S.N.	Particular	Amount (in Rs.)
1	Payment of arrears of remuneration to 33 BLFs who were engaged during 2015-16 as per terms of sanction of Ministry@Rs. 17000/- per month. The actual amount payable to each individual differ as per his/her tenure of service.	8,41,244.00
2	Payment of remuneration to 11 BLFs re- engaged by the State as per order of High Court@17000/- per month for 6 months (upto March, 2019).	11,22,000.00
3	Payment of remuneration of 134 BLF engaged under PMJVK@Rs. 17000/- per month(7 months).	1,59,46,000.00
	Total amount required by State	1,79,09,244.00
	Amount available with State	1,72,17,587.00
	Funds to be released on submission of Utilisation Certificate	6,91,657.00

1- प्रश्नगत धनराशि से ब्लाक लेविल फैसिलिटेटरों के पारिश्रमिक/मानदेय/ टी0ए0/डी0ए0 का केवल माह जून, 2019 तक का ही भुगतान किया जायेगा।

2- उपरोक्त धनराशि को सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के निवर्तन पर रखते हुए उनके माध्यम से ब्लाक लेविल फैसिलिटेटर की तैनाती के सत्यापनोपरान्त उन पर आने वाले व्यय हेतु उपयोग किया जायेगा।

3- प्रश्नगत धनराशि के व्यय हेतु भारत सरकार एवं वित्त विभाग/शासन के संगत शासनादेशों/नियमो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं यथावश्यक अनुमोदन प्राप्त कर धनराशि व्यय की जायेगी।

4- धनराशि के व्यय हेतु विभिन्न शासनादेशों में इंगित शर्तो/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए तद्नुसार ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

5- सम्बन्धित जिलाधिकरी द्वारा भुगतान से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उनके जनपद के सम्बन्धित ब्लाक में तैनात रहे/कार्यरत ब्लाक लेविल फैसिलिटेटर समुचित रूप से कार्य का निष्पादन किये थे/कर रहे है।

6- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 आय-व्ययक के अनुदान सं0-48 के लेखा शीर्षक-2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-04 एम0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य विकास खण्डों में फैसिलिटेटर की नियुक्ति-16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान के नामें डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

7- प्रश्नगत धनराशि के व्यय हेतु अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-MsDP-21/14/2017-MsDP-MOMA दिनांक 24-07-2019 में उल्लिखित नियम/शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

8- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनांक 22-03-2019 निहित प्रविधानों के अनुसार जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(मनोज सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या- /2019/जी0आई0-54(1)/बावन-1-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।
6- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
7- सम्बन्धित जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।
8- अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
9- गार्ड फाईल।

भवदीय,

(हरी राम)
उप सचिव।

http://sanadesh.up.gov.in

UniCode Surrender